# मवाना मैराथन 17 को इंडिया गेट से शुरू होगी

नई दिल्ली, (खेसं)। मवाना शूगर इंडियन ओपन मैराथन यहां आगामी 17 फरवरी को आयोजित की जाएगी। इंडिया गेट से शुरू होकर यहीं पर समाप्त होने वाली इस दौड में बारह हजार धावकों के भाग लेने उम्मीद है।

मवाना शूगर के अध्यक्ष सिद्धार्थ श्रीराम ने आज यहां प्रेस कार्फ्रेंस में बताया कि इस दौड के पुरूष व महिला दोनों वर्ग के विजेता को बराबर ढाई ढाई लाख रूपया इनाम के तौर पर दिया जाएगा जबकि दूसरे स्थान पर आने बाले धावक को एक एक लाख और तीसरे स्थान पर रहने वाले को पचास हजार दिया जाएगा। इसी तरह पहले बीस धावकों के लिये इनाम रखा गया है।

उषा इंटरनेशनल के सहयोग और भारतीय एथलेटिक्स महासंघ के तत्वाधान में होने वाले वाली इस प्रतियोगिता में हाफ मैराथन जीतने वाले पुरूष और महिला दोनों वर्गो को बराबर सत्तर हजार रूपया दिया जाएगा इसी तरह पहले तीस स्थान तक के धावकों को इनाम दिया जाएगा।

वेटरन वर्ग पुरूष :45साल से ज्यादा: के विजेता को बीस हजार और महिला वर्ग :40साल से ज्यादा: के विजेता को बीस बीस हजार और इसी तरह हाफ मैराथन के इस वेटरन वर्ग में पहले दस के विजेता का इनाम दिया जाएगा। श्रीराम ने बताया कि इस मैराथन में भाग लेने वाले 11 फरवरी तक आन लाइन रजिस्ट्रेशन करा सकते है। मैराथन में दिल्ली पुलिस, सेना, भारतीय वायु सेना और अर्द्ध सैनिक बलों के धावक भी भाग लेंगे। यह प्रतियोगिता इंडिया गेट से शुरू होकर विजय चौक, पार्क होटल, कनाट प्लेस, संसद मार्ग से टालस्टाय मार्ग से वापस इंडिया गेट पर समाप्त होगी।